Nai Dunia (Indore), 1st February 2020, Page-19

# आईआईटी इंदौर के अधिकारी ब्रजेश द्विवेदी को खेल अलंकरण

इंदौर (नईदुनिया रिपोर्टर)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर के उप प्रबंधक ब्रजेश द्विवेदी को अचीवर्स अकादमी उज्जैन द्वारा खेल अलंकरण अवॉर्ड- 2020 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार खेल क्षेत्र में इंटरनेशनल, नेशनल और स्टेट लेवल पर होने वाले टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने पर दिया जाता है। ब्रजेश भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के सदस्य भी हैं। इसके पहले भी उन्हें कई नेशनल लेवल के संस्थान सम्मानित कर चुके हैं। आईआईटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. निलेश कुमार जैन का कहना है आईआईटी अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसके लिए उन्हें अनुकूल वातावरण प्रदान किया जाता है। इसी के बदौलत कई अधिकारी और कर्मचारी अपनी कलाओं के क्षेत्रों में भी भागीदारी करते रहते हैं।


ब्रजेश द्विवेदी